## सार-समाचार

### चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**बून्दी** (निसं)। चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर गोपाल गौ सेवा संस्थान ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संस्थान के सचिव गोपाल माहेश्वरी ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा अपील आदेश संख्या 4742/2021 दिनांक 23 अप्रैल 2021 को बूंदी तहसील के ग्राम रामगंज, रायता, उमरच, भंवरदा, बहादुरपुरा की चरागाह भूमियों को अतिक्रमण मुक्त करवाई जाने हेतु जिला कलेक्टर महोदय व जिला प्रशासन बूंदी को निर्देशित किया गया था। परंतु उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद उक्त भूमियों से अभी तक कोई अतिक्रमण नहीं हटवाया गया हैं। माहेश्वरी ने कहा कि ऐसे में उच्च न्यायालय के आदेश की जिला प्रशासन बूंदी द्वारा खुली अवहेलना की गई है तथा न्यायालय के आदेश की पालना न होने से चरागाह भूमियों व सिवायचक भूमियों पर अतिक्रमियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। गौ सेवकों ने मांग की चरागाह भूमियों से अतिशीघ्र अतिक्रमण हटवाया जावें। इस दौरान संस्थान के भवानी शंकर ओम प्रकाश रामदत्त मेघवंशी अभिमांशु सिंह कौशल यादव जगदीश यादव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### दो बाइक व मोबाइल चोरी

**छबड़ा** (निसं)। थर्मल पॉवर प्लांट के बांके बिहारी चौराहे पर षुक्रवार रात को चोरो ने एक मोबाईल की दुकान का ताला तोड दो-ढ्राई लाख रूपए के कीमती मोबाईल चुरा लिए और एक होटल के नीचे खड़ी दो मोटर साईकिले भी चुराकर ले गए। ग्रामीणो के अनुसार यह वारदात पारदी गिरोह द्वारा किए जाने की संभावना है। बांके बिहारी चौराहे पर स्थित खुषी मोबाईल के संचालक रामसिंह गुर्जर ने बताया कि चोरो ने उसकी दुकान का षटर एक ओर से ऊंचा कर लिया और 10-15 कीमती मोबाईल, पॉवर बैंक सहित एसेसिरीज आदि लगभग दो ढ्राई लाख रूपए का सामान चुरा लिया। चोरो ने दुकान में लगी एलसीडी व सीसीटीवी की डीडीआर भी तोड़फोड़ कर ड़ाली। चोरो ने यहां बाबूलाल लोधा की किराने की दुकान का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया। चोरी करने के उपरांत चोरो ने सामने स्थित सौदानसिंह मेहता की होटल की नीचे खडी जसवीर सिंह गिल व पुश्पेंद्र धानक की मोटर साईकिल भी चुरा ली। बापचा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा ने पुलिस प्रषासन से चोरी का पर्दाफाष कर गिरफ्तारी की मांग की है और रात्रि गष्त बढ्ढाने की मांग की हैं।

### 'मानव जीवन' विषय पर विचार मंथन

**छबड़ा** (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन संसाधन संरक्षण और मानव जीवन विषय पर विचार मंथन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बिरधीलाल बैरवा ने बताया की यहां डॉ. सुरेश वैष्णव ने सभी स्वयंसेवकों को संसाधनों के बारे में जानकारी दी और कहा कि संसार को गति देने के लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संसाधनों के बिना संसार आगे नहीं बढ़ सकता है। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा ने सभी स्वयंसेवकों को सलाह दी की प्रकृति में सभी संसाधन सीमित मात्रा में हैं। यह सभी संसाधन एक बार उपयोग में लेने के बाद पूर्ण रूप से समाप्त हो जाते हैं, उनको दोबारा उपयोग में नहीं लिया जा सकता है। इसलिए स्वयंसेवकों का दायित्व है कि प्रकृति में मौजूद सभी संसाधनों का सीमित मात्रा में ही उपयोग करें और आने वाली जनसंख्या के उपयोग के लिए बचाकर रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग कर सके।

### कार्यशाला आयोजित

**छबड़ा** (निसं)। बाल केन्द्रित, गतिविधि आधारित शिक्षण प्रक्रिया तथा सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की समझ बनाने तथा विद्यार्थियों को एफएलएन में निपुण बनाने के उद्देश्य को लेकर 9 ओर 10 फरवरी को छबडा ओर बापचा क्लस्टर स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन नीमथुर बालाजी परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला प्रभारी चिंकी गालव के अनुसार इन कार्यशालाओं की शुरुआत शुक्रवार को कार्यवाहक सीबीईओ राधाकिशन मीणा द्वारा की गई। दक्ष प्रशिक्षक के रूप में शिवचरण बैरवा, दिनेश कुमार नागर, नरेंद्र नागर, भूपेन्द्र सिंह चंदेल ने प्रशिक्षण दिया। गालव के अनुसार व्यवस्थापक के रूप में सुनील कुमार जांगिड, हनुमान शर्मा एवं सह व्यवस्थापक के रूप में अंजू भार्गव, नीरू शर्मा आदि ने शिविर की व्यवस्थाओं में भूमिका निभाई। संदर्भ व्यक्ति शंकर लाल नागर ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद हमारी जिम्मेदारी है कि हम सीखे गये ज्ञान से विद्यालय में बालकों को लाभान्वित करें।

### नदी से खेत में पहुंचा मगरमच्छ

**छबड़ा** (निसं)। क्षेत्र के बिदनबास एवं कराड़ियापार के ग्रामीणो में उस वक्त हडकंप मच गया, जब पार्वती नदी से 4 फीट लंबा मगरमच्छ खेतो में जा पहुंचा। सूचना मिलने पर मौके पर बडी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए, जिन्होने काफी मषक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सी से जकड़ लिया और फिर उसे वापिस पार्वती नदी में छोड़ दिया। समीप में बह रही पार्वती नदी से षनिवार दोपहर एक मगरमच्छ नदी से निकलकर बिदनबास एवं कराड़ियापार के खेतो में पहुंच गया। जब ग्रामीण खेतों पर पहुंचे तो वहां मगरमच्छ को देखते ही भाग खड़े हुए। इसकी सूचना निकटवर्ती ग्रामीणों को लगी तो उनमें भी हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणो ने काफी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सी से जकड़ने में कामयाबी पाई। इसके बाद मगरमच्छ को पार्वती नदी के तट पर ले जाया गया। वहां मगरमच्छ को नदी में छोड दिया। मगरमच्छ के खेतो में पहुंचने से ग्रामीण व किसानों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए सतर्क रहने की आवश्यकता हैं।

### गर्ल्स कॉलेज में पूर्व छात्राओं का रिकॉर्ड मांगा

**बूंदी** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में आगामी दिनों में नैक टीम के द्वारा निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है। महाविद्यालय प्रशासन को निरीक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत उन छात्राओं के रिकॉर्ड को भी आवश्यकता है जिन्होंने राजकीय कन्या महाविद्यालय में 2018 से 2023 के मध्य अध्ययन किया हो और वर्तमान में वह किसी राजकीय सेवा अथवा निजी सेवा में कार्यरत हो। प्राचार्य डॉ. संदीप यादव ने उन सभी छात्राओं से अपील की है कि जो 2018 से 2023 के मध्य अध्ययन कर वर्तमान में राजकीय सेवा या निजी सेवा में है तुरंत प्रभाव से मोबाइल नम्बर-8824466330 पर अथवा महाविद्यालय में आकर अपनी राजकीय सेवा या निजी सेवा संबंधित जानकारी प्रस्तुत कर महाविद्यालय और छात्राओं के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें।

### छात्रा जागरुकता कार्यक्रम कल से

**बूंदी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय बून्दी में महिला अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में छात्रा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। महिला अध्ययन केन्द्र प्रभारी डॉ. पूजा सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं में वित्तीय, महिला स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा से संबंधित जागरूकता लाना है। 12 फरवरी को उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता होगी जो महिलाओं के लिए विधिक अधिकार विषय पर व्याख्यान देंगी। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनिता यादव ने समस्त नियमित छात्राओं को उक्त कार्यक्रम में सहभागिता देत प्रेरित किया।

### पारितोषिक वितरण समारोह

**छबड़ा** (निसं)। खोपर उच्च माध्यमिक विद्यालय मे षनिवार को वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान, पारितोषिक वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्यतिथि प्रधान हरिओम नागर थे। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि निरंजन शर्मा व एसएमसी अध्यक्ष गोकुल नागर रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य बाबूलाल मीणा ने की। कार्यक्रम मे वर्ष पर्यंत विद्यालय हित मे कार्य करने वाले भामाशाहो एवं शिक्षकों एवं सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। प्रधान ने कहा की शिक्षा से ही जीवन मे उन्नति की सीढिया चढी जा सकती है। शिक्षा के बिना जीवन मे कुछ भी नहीं है। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गौड़ एवं शिवचरण मीणा ने किया।

### इकाई विस्तार कार्यक्रम कल

**छबड़ा** (निपसं)। लघु उद्योग भारती-चित्तौड प्रांत के तत्वावधान में संगठन को अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए लघु उद्योग भारती परिवार का विस्तार इकाई के रूप में किया जाएगा। इसके लिए सोमवार को गायत्री मंदिर पर दोपहर 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाशचंद, विधायक प्रतापसिंह सिंघवी, प्रदेश महामंत्री योगेंद्र शर्मा शिरकत करेंगे। यह जानकारी दिनेश गुप्ता ने दी हैं।

# 'फन-डे' में आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जमकर लुत्फ उठाया

**कोटा,** (निसं)। आकाश इंस्टीट्यूट कोटा में आयोजित फन-डे में आकाश इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने जमकर मस्ती की इस मौके पर स्टूडेंट्स सहित आकाश इंस्टीट्यूट की पूरी टीम ने अपने परिवार के साथ प्रोग्राम में पार्टीसिपेट किया।

कार्यक्रम की शुरूआत आकाश इंस्टीट्यूट के रीज़नल डॉयरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने मां सरस्वती को दीप प्रज्जवलीत कर की। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्रा ने गणेश वंदना पर प्रस्तुती से कार्यक्रम का आगाज किया, इसके बाद एक के बाद एक कई बेहतरीन परफोर्मेंस स्टूडेंट्स द्वारा दी गई। फन- डे में कई तरह के इन-हाउस गेम्स बेलून ट्राइएंगल, टंग टीविस्टर, स्नेक एंड लेडर, सुपर मॉम्स म्यूजिकल चेअर जैसे कई तरह के गेम्स भी खिलाए गए।

फन-डे में कोटा आकाश के रीज़नल डॉयरेक्टर अखिलेश दीक्षित का मोटिवेशनल सेशन भी रखा गया जिसमें उन्होंने स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए कहा कि सफलता के तरीके आपके अपने होने चाहिए, हम सिर्फ आपको गाइड कर सकते हैं, आप जो भी करें क्वालिटी से करें पर्फेकशन के साथ करें सफलता आपको जरूर मिलेगी। वैंसे तो फन डे पूरी तरह से बहुत मस्ती से भरा रहा लेकिन कुछ विशेष गेम्स और पर्फोमेंस ऐसे रहे जिन्होंने हंसा-हंसा कर सबको लौट पौट कर दिया। फैकल्टी और स्टूडेंट के बीच खेले गए स्नेक एंड लेडर गेम और बेलून ट्राइएंगल गेम प्रमुख रहे।




कोटा आकाश इंस्टीट्यूट में फंड डे पर बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी।

## राजेश पायलट की जयंती मनाई

**कोटा,** (निसं)। किशोरपुरा दरवाजा स्थित पदमनाथजी मंदिर पर हाड़ौती गुर्जर महासभा द्वारा स्व. राजेश पायलट की जयंती मनाई गई। अध्यक्ष डॉ.बी.एल.गोचर ने बताया कि स्व.राजेश पायलट की 79वीं जयंती के अवसर पर गुर्जर समाज के युवाओ सहित गुर्जर समाज के लोगों ने पायलट की फोटो पर पुष्प अर्पित किए और पायलट को श्रद्धांजली दी। इस अवसर वर गुर्जर समाज सहित गुर्जर समाज के प्रबुद्धजनो ने अपने विचार रखे।

लोगो ने कहा कि स्व.राजेश पायलट किसानो के हितैषी और सर्व समाज के लोकप्रिय नेता थे। उन्होने प्रदेश का नाम देश में रोशन किया। इनका नाम राजेश्वर प्रसाद विधूड़ी था। ये सेना में एयरफोर्स में होने के कारण स्क्वाड्रन लीडर के पद पर कार्यरत थे। ये सेना में लड़ाकू विमान उड़ाया करते थे। लड़ाकू विमान उडाने के कारण लोग इन्हे पायलट कहने लगे। इनका राम राम सा उद्बोधन बहुत प्रचलित था। ये राजस्थान सरकार में मंत्री रहे। 10 जून 2000 को जयपुर के पास कार दुर्घटना में इनकी मृत्यु हो गई। ये गाजियाबाद ग्राम वेदपुर के निवासी थे। 1971में भारत-पाक युद्ध में भाग लिया।

## रिक्त भूखण्डधारियों को निर्देशित किया

**कोटा,** (निसं)। वर्तमान में न्यास की विभिन्न योजनाओं में काफी भूखण्ड रिक्त है, जिसमें पानी भरा होने या अन्य कारणों से किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने से इंकार नही किया जा सकता है। अतः न्यास द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रिक्त भूखण्डधारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने रिक्त भूखण्ड में अविलम्ब नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करें या आगामी 15 दिवस में में निर्माण कार्य प्रारम्भ नही कर पाये तो अविलम्ब रिक्त भूखण्ड में मिट्टी भराई कर सडक लेवल तक समतलीकरण एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करें। 15 दिवस पश्चात न्यास द्वारा उक्त सभी रिक्त भूखण्डों की जाचं में पुनः ऐसे भूखण्ड रिक्त पाये जाने है तो आवंटनकर्ता/मालिक के विरूद्ध नियमानुसार आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भूखण्डधारी की होगी।

## विद्यार्थियों के साथ विचार गोष्ठी आयोजित

**कोटा,** (निसं)। प्रबुद्धजन विचार मंच की ओर से गणेश तालाब स्थित सुमन भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पन्डित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों के साथ एक विचार गोष्ठी का आयोजन इस बार विद्यार्थियों के साथ किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता व भाजपा पर्यावरण/आरटीआई प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि पन्डित जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे तथा जनसघं के अध्यक्ष भी रहे।

उन्होने अपने उद्बोधन में कहा की मुगलसराय स्टेशन पर पन्डित जी की रहस्मयी हत्या की गुत्थी आज तक उलझी हुई है इसलिए उन्हे सच्ची श्रृद्धांजली तभी होगी जब पुण्यतिथि के अवसर पर हम यहां से यह प्रस्ताव पारित करें की ऐसी महान आत्मा की हत्या किसने की इसकी वर्तमान सरकार जाँच कराकर इसकी सच्चाई देश के समक्ष रखे।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि एंव मुख्य वक्ता तथा कार्यक्रम के संयोजक पूर्व ओबीसी भाजपा मोर्चा अध्यक्ष पुरूषोत्तम अजमेरा ने उनके एकात्म मानववाद विचारधारा के बारे में विस्तार से वर्णन करते हुए कहा की हमारे देश के प्रधानमंत्री एकात्म मानववाद के सिद्धान्त पर चलते हुए देश में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर चलकर देश की सेवा कर रहे है।

उन्होने पुष्पाजंली देते हुए कहा कि पन्डित जी को 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना के समय उत्तर-प्रदेश का महासचिव बनाया था, वह इतने प्रतिभावान परीक्षार्थी थे कि उन्हे मैट्रिक और इण्टरमीडिएट दोनों परीक्षाओं में गोल्ड मैडल मिला, 1916 को मथुरा जिले में जन्मे उपाध्याय जी चाहते थे कि भारत एक मजबूत और सशक्त देश बने जिसकी पूर्ति हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस अवसर पर श्यामा मीणा, अभिषेक मीणा, उत्कर्षा शर्मा, संगीता मीणा, अभिषेक मेरोठा, पारस नागर, दिव्या मीणा, सोनल मीणा, शेर सिंह, प्रहलाद कुशवाह, शानु सिंह, सत्यप्रकाश चौधरी, सत्यनारायण मीणा, रोहित मीणा, ने भी पन्डित जी को श्रृद्धान्जलि देकर अपने-अपने विचार प्रकट किये।

# 'मतदान जागृति के नायक बनकर युवा लोकतंत्र को सशक्त बनाएं'

**बून्दी** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु केम्पस एम्बेसडर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न कॉलेज संस्थान के ऐम्बेसेडर को स्वीप गतिविधियों को गति प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया गया । डिजिटल मंच पर हुए आयोजन में अभियान से जुडे स्वीप प्रभारी कौशल किशोर जैन, विशेष शिक्षक डॉ महेश गोस्वामी, प्रशिक्षक चितरंजन सिंह चौहान व एंबेसेडर सिद्धि नामा ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में ईवीएम से जुड़ी भ्रांतियों के निवारण सहित मतदान जागरूकता से संबंधित विविध प्रशिक्षण प्रदान किया।

**■ इलेक्शन एंबेसडर कार्यशाला आयोजित**

जिला इलेक्शन आइकॉन डॉ सर्वेश तिवारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी अभियान में युवाओं की अहम भूमिका होती है इसी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शिक्षण संस्थानों से सक्रिय युवाओं को इलेक्शन केंपस एंबेसेडर के रूप में मतदाता जागरूकता का दायित्व सोपा गया है। मतदान के महत्व को बताते हुए उन्होंने युवाओं का आवाहन किया कि वे समाज में मतदान जागृति के नायक बने व लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।

स्वीप प्रभारी कौशल किशोर जैन ने स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने संभागियों को सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रशिक्षण दिया व मतदाता सूची में नामांकन के बारे में प्राथमिक स्तर पर ही आश्वस्त होने का आव्हान किया। क्रियात्मक सत्र में प्रभारी प्रशिक्षक चितरंजन सिंह चौहान ने ईवीएम व वीवीपीएटी से मतदान की प्रक्रिया से अवगत करवाया। चौहान ने कहा कि आमजन में ईवीएम के संबंध में अनावश्यक भ्रांतियां उन्होंने नोटा विकल्प की भी जानकारी दी।

युवाओं को एंबेसेडर सिद्धि नामा ने प्रशिक्षण सत्र में उपयोगी डिजिटल एप्प से परिचित करवाया।कलरव सेवा संस्थान के विशेष शिक्षक दिनेश शर्मा ने प्रवासी मतदाताओं से जुडे मुद्दों व समस्याओं की चर्चा की। सूर्योदय वाणी विशेष विद्यालय से जुडे विशेष शिक्षक डॉ महेश गोस्वामी ने विशेष योग्यजन मतदाताओं को मतदान हेतु मिलने वाली सुविधाओं व इनके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता से रूबरू करवाया व आभार प्रकट किया।

हिंडोली से कृषि महाविद्यालय से भूपेंद्र सिंह सोलंकी व यशवंत गुर्जर, पेच की बावडी से प्रगति कॉलेज के एंबेसेडर हेमराज सैनी, बूंदी कन्या महाविद्यालय से सिद्धि नामा व विनीता कंवर, पीजी महाविद्यालय से आरोही राठौर तथा ओपन रोवर क्रू के आतिश वर्मा , केशवराय पाटन से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के धर्मवीर महावर ने कार्यशाला मे भाग लेकर अपने विधान सभा चुनाव के अनुभव अभिव्यक्त किए व अपनी सक्रिय प्रस्तुति दी। जिलेभर के विभिन्न संस्थानों के कैम्पस एंबेसेडर संभागियों ने मतदाता जागरूकता द्वारा शतप्रतिशत मतदान हेतु वातावरण निर्माण का संकल्प लिया।युवाओं को स्वीप कार्यक्रम, मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950, मतदाता जंक्शन जागरूकता कार्यक्रम, बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की मतदान भूमिका, एम्बेसेडर कार्य प्रणाली व रिपोर्टिंग, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, वोटिंग प्रतिशत बढाने हेतु व्यूहरचना का परिचय करवाया।

# विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह मनाया

**कोटा,** (निसं)। प्रगति पब्लिक सी.सै. स्कूल में 28वां वार्षिकोत्सव समारोह पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सीएमएचओ (चीफ मेडिकल एंड हेल्थ ऑफिसर) कोटा, डॉ.जगदीश सोनी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक चेयरमैन डॉ. जफर मोहम्मद ने की।

वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने ज्ञानवर्धन ड्रामा-शिक्षा एवं संस्कारो का असंतुलन की जानकारी को मंचन द्वारा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत की। कश्मीरी नृत्य, पंजाबी नृत्य, राजस्थानी नृत्य और सम्पूर्ण प्रदेश की रंगारंग झलक प्रस्तुत की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ.सविता चौधरी से वर्षभर चलने वाली गतिविधियों का लेखा-जोखा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

समारोह में गत वर्ष के बेहतर परिणामों के छात्र-छात्राओं को प्रथम व द्वितीय रैंक प्राप्त करने पर पारितोषिक वितरण किया गया। विद्यालय की वर्षभर चलने वाली गतिविधियों में अव्वल रहने पर बेस्ट स्टूडेंट के रूप में दिशांत सिंह असावत को बेस्ट बॉयज और पायल मेहरा को बेस्ट गर्ल के रूप में सम्मानित किया।



कोटा के प्रगति स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## सार-समाचार

### स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कोटा में 10 दिवसीय संभाग स्तरीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डाइट प्रधानाचार्य भवानी शंकर चौबदार ने बताया कि आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशानुसार एक फरवरी से आयोजित इस शिविर में कोटा संभाग के प्रत्येक ब्लाक से कुल 43 सन्दर्भ व्यक्तियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर प्रभारी श्रीमती इंद्रा मेघवाल तथा दक्ष प्रशिक्षक दिग्दर्शन सिंह चौहान व महेंद्र कुमार मालव ने रोचक तरीके से बालकों में अंग्रेजी बोलचाल के प्रति रूचि जागृत की। इस दौरान आरएससीईआरटी उदयपुर के अतिरिक्त निदेशक सुरेन्द्र सिंह गौड़ ने शिविर का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों से शिविर के बारे में फीडबैक लिया। अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुमानपुरा के प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने हाड़ौती के छात्रों के उच्चारण दोष के बारे में बताते हुए उसमे सुधार लाने के टिप्स दिए। सीडीईओ कार्यालय के मोहनलाल बैरवा, संत रामजी तथा अतिरिक्त निदेशक शशि मीना ने भी शिविर का अवलोकन किया तथा मार्गदर्शन दिया।

### पुलिसकर्मी का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब कोटा विनायकम् द्वारा विगत दिनों नहर में डूब रहे युवक को पानी में से निकाल कर और फिर सही समय पर सीपीआर देकर युवक की जान बचाने वाले पुलिसकर्मी का सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन मुकेश शर्मा ने बताया की कुन्हाड़ी थाना के कांस्टेबल रामखिलाड़ी को उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्य हेतु शहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह देकर और माला एवं उपरना पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर लॉयन महावीर मेघवाल द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक चौधरी द्वारा लायंस विनायकम् द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्लब द्वारा समय समय पर जांबाज और बहादुर पुलिसकर्मियों का, डॉक्टरों का और शिक्षकों जो सम्मान किया है उसके लिए लॉयंस क्लब कोटा विनायकम साधुवाद का पात्र है। इस दौरान क्लब सदस्यों में लॉयन रवि चांवरिया और लायन भावना शर्मा भी उपस्थित रहे।

### स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन महानगर कोटा के तत्वावधान में नव वर्ष स्नेही मिलन समारोह 11 फरवरी रविवार को मंगलेश्वरी गार्डन रंगबाड़ी रोड कोटा पर आयोजित किया जाएगा। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा (चच्चू भैया) ने बताया कि कोटा शहर की समस्त इकाई कार्यकारिणी का नव वर्ष मिलन शुभारंभ रविवार को मंगलेश्वरी गार्डन रंगबाड़ी रोड़ पर दोपहर 2 बजे पूजा अर्चना से शुरू होगा। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मुख्य रूप से महिला/पुरुष की रस्सा कसी, कुर्सी दौड़ महिला, हाउजी आदि प्रतियोगिता होगी। जिसमें विजेताओं को अतिथियों द्वारा पारितोषिक वितरण किया जाएगा। फाउंडेशन के प्रदेश प्रवक्ता रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के जीते हुए विधायको, अधिवक्ताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओ आदि का सम्मान होगा।

### जे.सी.आई. के अधिकारियों की बैठक

**कोटा,** (निसं)। जनसेवा और समर्पण की भावना का विकास कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से जेसीआई कोटा सुरभि द्वारा लोकल ऑर्गेनाइजेशन ऑफिसर्स ट्रेनिंग सेमिनार कोटा में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन हरियाली रिसोर्ट में किया गया है। मेजबान अध्यक्ष एचजीएफ नेहा सेठी ने बताया कि 10 फरवरी के सेशन में बड़ौदा से पायलट फैकल्टी जेएफएस अर्पित हाथी, करनाल से सह पायलट जेएफएस शेली चौधरी, कोटा से सह पायलट जेसीआई सेन मेघना शेखावत रही। रोहणी कोहली ने बताया कि राजस्थान से आए 80 से अधिक विभिन्न अध्यक्षो एवं उनके टीम के पदाधिकारियों को सामाजिक उत्थान, सेवा व समर्पण की भावना को विकसित करने और समाज को अधिक से अधिक देने के विषय पर डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से दर्शाया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि जेएफएस गौरव माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि संदीप कोहली, अलौकिक जैन, जोन प्रेसिडेंट विभोर लोढ़ा, अलंकार सेठी, संदीप छाबड़ा मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों को जागरुक किया

**बून्दी** (निसं)। जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा के निर्देशन मे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम ने रामगंज बालाजी की राउमा विद्यालय में छात्र-छात्राओ को सुरक्षित बचपन, अच्छे-बुरे स्पर्श के बारे में जानकारी दी। बच्चों को 1098 की टीम ने बाल विवाह के दुष्परिणामों से भी अवगत करवाया। साइबर क्राईम एवं विभाग द्वारा जारी बाल हक ई-पोस्टर बच्चों को देकर बताया कि किस प्रकार इसमे स्थित क्यूआर कोड को स्कैन कर आप अपनीआपबीती बता सकते है।

## राज्य स्तरीय सहकारी डेयरी अध्यक्षों की बैठक आयोजित

**कोटा** (निसं)। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा सरस संकुल मुख्यालय जयपुर में राज्य भर की सहकारी डेयरियों के निर्वाचित अध्यक्षों के साथ आयोजित परिचर्चा में डेयरी अधिकारियों और निर्वाचित अध्यक्षों से चर्चा रख उनके समस्या, सुझाव व योजनाओं को आमंत्रित किया।

कोटा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने 9 सूत्रिय सुझाव पत्र डेयरी मंत्री को सौंपते हुए किसान हितों को प्रकट किया। राठौड़ ने बैठक में दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत किसानों को 5 रुपये प्रति लीटर को 10 रुपये प्रति लीटर किया जाए। गत अगस्त 2023 से किसानों 5 रुपये प्रति लीटर भी प्राप्त नहीं हो रहे जिसका भुगतान शीघ्र करवाकर किसानों के रोष को कम किया जाए।

उन्होंने नवयुवक किसानों को रोजगार के नए अवसर सृजित कर ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक विकास के सुझाव भी पेश किऐं। राठौड़ ने सुझाव दिया कि सेवानिवृत कर्मचारी, कार्मिक स्थानांतरण अधिकार संचालक मण्डल व अध्यक्ष को अधिकार में शामिल हो। उन्होने झालावाड़ के बंद पड़े बॉयलर, अतिरिक्ति घी स्टॉक, पशु आहार, पर अपने विचार व्यक्त किए और राठौड़ ने आरसीडीएफ के चुनाव की मांग भी की। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कोटा सहित 25 जिलों से आए डेयरी अध्यक्षो से बैठक में चर्चा कर समस्या व सुझाव को समझा।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम पूर्व में PAVAN GALAV S/O OM PRAKASH था अब वर्तमान में मेरा नाम PAWAN GALAV S/O OM PRAKASH GALAV है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2022-24/1019 दिनांक:-9.2.24

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा विवेकानन्द नगर आवास संख्या 282 का आवंटन क्रमांक 526 दिनांक 16.11.1998 को श्रीमती गुलाब बाई पत्नी स्व. श्री पन्ना लाल के नाम आवंटन किया गया था। जिसके उपरांत क्रेता श्रीमती गुलाब बाई पत्नी स्व. श्री पन्ना लाल की मृत्यु दिनांक 22.06.2000 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्रीमती गुलाब बाई पत्नी स्व. श्री पन्ना लाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री संजय शर्मा पुत्र स्व. श्री पन्ना लाल द्वारा उक्त आवास संख्या 282 विवेकानन्द नगर अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 282 विवेकानन्द नगर का नामहस्तान्तरण श्री संजय शर्मा पुत्र स्व. श्री पन्ना लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/336 दिनांक:-9.2.24

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आनन्दपुरा आवास संख्या 325-एएच का नामहस्तांतरण क्रमांक 1370-71 दिनांक 16.04.2012 को श्री हजारीलाल मेघवाल पुत्र श्री रामगोपाल के नाम हस्तान्तरण किया गया था। जिसके उपरांत क्रेता श्री हजारीलाल मेघवाल पुत्र श्री रामगोपाल की मृत्यु दिनांक 28.03.2015 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री हजारीलाल मेघवाल पुत्र श्री रामगोपाल के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्री विजय कुमार पुत्र स्व. श्री हजारी लाल मेघवाल द्वारा उक्त आवास संख्या 325-एएच आनन्दपुरा अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 325-एएच योजना आनन्दपुरा का नामहस्तान्तरण श्री हजारीलाल मेघवाल पुत्र श्री रामगोपाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा